**THE RAJASTHAN URBAN CO-OP. BANKS FEDERATION LIMITED**
**B-41, Ganesh Marg, Bapu Nagar, Jaipur-302015**
**Telefax : 0141-2703226; E-mail : rafcubf@gmail.com**
**Website: www.rajucbfed.org.in**

No. F.2(5) RAFCUB/ 116 Date : 31.08.2017

श्रीमान अध्यक्ष / प्रशासक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय
दि अरबन को–ऑपरेटिव / नागरिक सहकारी बैंक लि0
समस्त सदस्य बैंक

विषयः फैडरेशन की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 07.09.2017–<u>वार्षिक प्रतिवेदन</u>

महोदय / महोदया,

दिनांक 07 सितम्बर, 2017 को आहूत फैडरेशन की वार्षिक साधारण सभा बाबत हमारे पूर्व पत्र कमांक एफ.2(5) / 102 दिनांक 22–08–2017 के कम में साधारण सभा से संबंधित 13वां वार्षिक प्रतिवेदन अवलोकनार्थ संलग्न प्रस्तुत हैं।

निवेदन है कि कृपया इसकी प्रति साथ लेकर आवें।

*सादर .*

संचालक मण्डल की आज्ञा से,

(एम.एल.शर्मा)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

प्रतिलिपि–

1. श्रीमान रजिस्ट्रार महोदय, सहकारी समितियां, राजस्थान, जयपुर – सादर अवलोकनार्थ।
2. समस्त संचालकगण महोदय, दि राज. अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि.
3. श्रीमान संवैधानिक लेखा परीक्षक

मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# त्रयोदश वार्षिक प्रतिवेदन

## 2016 -17

## वार्षिक साधारण सभा

**07 सितम्बर, 2017**

**स्थान- होटल ओम टावर**

**चर्च रोड़, एम.आई.रोड, जयपुर**

**दी राजस्थान अरबन को-ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि०.**

बी-41, गणेश मार्ग, बापू नगर, जयपुर-302015

Phone : 0141- 2703226 | Email ID : rafcubf@gmail.com | Website : rajucbfed.org.in

# उद्‌बोधन

**माननीय सदस्यगण,**

फैडरेशन की आज की तेरहवीं वार्षिक साधारण सभा में पधारे हुए सदस्य बैंकों के अध्यक्षगण एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों का हार्दिक स्वागत। आप सभी ने मिल कर फैडरेशन की महती सभा के सभापति का उत्तरदायित्व मुझे सौंपा है जिसके लिये सादर आभार।

राजस्थान राज्य के 37 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों का यह फैडरेशन एक संघ का रूप है जिसमें मल्टीस्टेट बैंक, यूनिट बैंक जैसे सभी विविधता वाले बड़े व छोटे बैंक सम्मिलित हैं। फैडरेशन इन सभी बैंकों को एक कड़ी में जोड़ने की कोशिश करता है एवं भारतीय रिजर्व बैंक तथा सहकारी विभाग से लगातार सम्पर्क बनाये रख कर उनकी समस्याओं का निराकरण करता है। फैडरेशन आपकी अपनी संस्था है एवं इसकी सफलता के लिये आपका सहयोग एवं विश्वास आवश्यक है। अभी हाल ही में राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों में हुए चुनाव के फलस्वरूप 22 बैंकों के चुनाव घोषित हुए एवं 20 बैंकों में नवनिर्वाचित संचालक मण्डल ने कार्यभार संभाला है। उन सभी नये अध्यक्षों का मैं विशेष रूप से स्वागत करता हूं एवं आशा करता हूं कि उनके मार्गदर्शन में उनके बैंक नई उंचाईयों पर पहुंचेंगे।

मैं आज फैडरेशन के पूर्व अध्यक्ष श्री हरि गोपाल राठी द्वारा दिये गये सहयोग एवं मार्गनिर्देशन को याद करना अवश्य चाहूंगा जिन्होंने सभी बैंकों को एक कड़ी में पिरोये रखा। उनके कार्यकाल में संचालक मण्डल की बैठकों में भी सदैव सामन्जस्यपूर्ण वातावरण बना रहा। उन्हीं के प्रयासों के परिणामस्वरूप इन बैंकों में चुनाव हो पाये हैं एवं बैंक पुनः प्रजातांत्रिक तरीके से कार्य करने लगे हैं। श्री मोहन पाराशर, अध्यक्ष जालौर नागरिक सहकारी बैंक संचालक मण्डल की बैठक दिनांक 21–7–2016 के निर्णयानुसार अंतरिम व्यवस्था के रूप में उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे हैं। श्री पाराशर द्वरा राज्य स्तरीय टेफकब की बैठकों में फैडरेशन का सक्रिय प्रतिनिधित्व किया।

अंत में, मैं सभी उपस्थिति सदस्यगण का जो समय निकाल कर पधारे, का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। फैडरेशन का सहकारी विभाग व भारतीय रिजर्व बैंक से आदर्श समन्वय रहा है। मैं इनसे प्राप्त अपेक्षित सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिये आभार व्यक्त करता हूं। अपेक्स बैक के प्रबन्ध निदेशक, फैडरेशन के निदेशक मण्डल में हैं, उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिये भी धन्यवाद।

सभी को शुभकामनाओं के साथ।

सभापति

# फैडरेशन एक दृष्टि में

**पृष्ठभूमि**

राजस्थान राज्य में अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों का प्रादुर्भाव स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व ही हो गया था। 1925 में रेल्वे श्रमिक सहकारी बैंक, बीकानेर का रजिस्ट्रेशन 1 जुलाई, 1925 को हुआ। इसके बाद वर्ष 1945 में जयपुर स्थित रेल्वे एम्पलाईज को–ऑपरेटिव बैंक लि. द्वारा कार्य प्रारम्भ किया गया। इसके बाद जयपुर में ही गोलछा परिवार द्वारा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की स्थापना की गई जो अप्रेल, 1959 से कार्यरत है। 1990 से 2000 तक का काल राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के इतिहास का उत्कर्ष काल था जिसमें 10 नये बैंक स्थापित हुए एवं बैंकों की संख्या बढ़ कर 41 हो गई। जयपुर स्थित मालवीय अरबन को–ऑपरेटिव बैंक अंतिम बैंक है जिसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 29–10–1999 को लाईसेंस जारी किया गया एवं इस बैंक ने 24 जनवरी, 2000 से कार्य प्रारम्भ किया। आज की तिथि में 4 बैंक क्रमशः अजमेर, श्रीगंगानगर, लोक विकास जयपुर एवं वैशाली अरबन बैंक जयपुर के अवसायन में होने के कारण 37 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकें कार्यरत हैं। समग्र रूप से इन बैंकों की 31 मार्च, 2017 की स्थिति पर 232 शाखाएं हैं। इन बैंकों में से 3 बैंकें रेल्वे सैलेरी अर्नर सहकारी बैंकें हैं एवं 6 बैंक महिला अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की श्रेणी में आती हैं। आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक एवं फिनग्रोथ को–ऑपरेटिव बैंक 2 ऐसे बैंक हैं जो मल्टीस्टेट को–ऑपरेटिव एक्ट में रजिस्टर्ड हैं। इन बैंकों में से 7 बैंक ऐसे हैं जो यूनिट बैंक हैं अर्थात जिनकी एक ही शाखा है। इनमें आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक सबसे बड़ा बैंक है तथा इसके बाद कोटा एवं रेल्वे एम्पलाईज को–ऑपरेटिव बैंक जयपुर आते है। व्यवसाय की दृष्टि से 6 बैंकें अभी छोटी बैंकों की श्रेणी में आती हैं जिनका व्यवसाय 50 करोड़ से कम है।

**पंजीयन**

तत्समय बैंकों के एक संघ की आवश्यकता के मध्येनजर तत्कालीन राजस्थान सहकारी समितियां अधिनियम, 1965 की धारा 8 के अंतर्गत दी राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लिमिटेड, जयपुर का पंजीयन 18 जून, 1987 को हुआ था (पंजीयन संख्या 40LC) जिसके लिये प्रार्थना–पत्र प्रारम्भ में जयपुर, अजमेर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, भीलवाड़ा, पाली व नागौर अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों ने दिया था। रजिस्ट्रार के आदेश दिनांक 24.07.1995 से फैडरेशन अवसायन में चला गया जो उन्हीं के आदेश दिनांक 27.3.1998 से पुनर्जीवित हुआ। तब से फैडरेशन निरंतर क्रियाशील है।

**उप–नियम**

राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 के दिनांक 14 नवम्बर, 2002 व राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम, 2003 के 30 अक्टूबर, 2004 से प्रभावी होने के पश्चात् रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां द्वारा फैडरेशन के नवीन उप–नियम दिनांक 5 मार्च, 2007 को पंजीकृत किये गये एवं दिनांक 27 अगस्त, 2010 व दिनांक 4 अक्टूबर, 2010 को इन्हें संशोधित किया गया। भारतीय संविधान के 97वें संशोधन के क्रम में उप–नियमों में नवीनतम संशोधन रजिस्ट्रार महोदय के आदेश दिनांक 04–07–2014 द्वारा रजिस्टर्ड किये गये हैं। फैडरेशन के नवीनतम उप–नियमों की प्रति फैडरेशन की वेबसाईट *www.rajucbfed.org.in* पर प्रदर्शित है।

**सदस्यता**

राज्य की सभी 41 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकें फैडरेशन की सदस्य हैं। सदस्य बैंकों में से दो बैंक गंगानगर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड 8 सितम्बर, 2004 से व लोक विकास

अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड 11 अक्टूबर, 2004 से अवसायन में हैं। वैशाली अरबन को–ऑपरेटिव बैंक का बैंकिंग लाईसेंस भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 12 जून, 2013 से निरस्त कर दिया गया है।

**संचालक मण्डल**

निर्वाचित संचालक मण्डल की प्रथम बैठक दिनांक 06.09.2012 में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। इसके पश्चात् तत्कालीन अध्यक्ष श्री मुकेश मोदी द्वारा दिये गये त्याग–पत्र के बाद 26–9–2013 को श्री हरि गोपाल राठी, जो तत्समय उपाध्यक्ष थे, का अध्यक्ष पद पर निर्वाचन हुआ। संचालक मण्डल की बैठक दिनांक 21–7–2016 में श्री मोहन पाराशर, अध्यक्ष–जालौर नागरिक सहकारी बैंक को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

अभी हाल ही सम्पन्न हुए चुनावों में श्री राठी एवं श्री पाराशर द्वारा नामांकन नहीं भरे जाने के कारण वे क्रमशः जोधपुर एवं जालौर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष पद पर नहीं है इसलिये वे अब फैडरेशन के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भी नहीं हैं। फलस्वरूप वर्तमान में फैडरेशन के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पद रिक्त है जिन पर चुनाव कराने हेतु राजस्थान राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण को फैडरेशन के पत्र क्रमांक 110 दिनांक 29.08.2017 से निवेदन किया गया है।

फैडरेशन के संचालक मण्डल में हुए रिक्त पदों पर सहवरण किया गया है एवं दिनांक 03.08.2017 के संचालक मण्डल के निर्णय पश्चात् 31.08.2017 को फैडरेशन के संचालक मण्डल में निम्न सदस्य हैं:–

| क.सं. | नाम | पता | पद |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश जैन | अध्यक्ष, बालोतरा अरबन को–ऑप. बैंक, बालोतरा | संचालक |
| 2 | श्री सत्येश शर्मा | अध्यक्ष, बूंदी अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि0, बूंदी | संचालक |
| 3 | श्री राजेश कृष्ण बिड़ला | अध्यक्ष, कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि0, कोटा | संचालक |
| 4 | श्री अरूण कुमार अग्रवाल | अध्यक्ष, आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक, सिरोही। | संचालक |
| 5 | श्री फिदा हुसैन सफी | अध्यक्ष, उदयपुर अर.को–ऑप. बैंक लि0, उदयपुर | संचालक |
| 6 | श्रीमती विमला सेठिया | अध्यक्ष, चित्तौड़गढ़ अर. को–ऑप.बैंक, चित्तौड़गढ़ | संचालक |
| 7 | श्री ऋषि लश्करी | अध्यक्ष, मालवीय अरबन को–ऑप0 बैंक, जयपुर। | संचालक |
| 8 | श्री जवाहर लाल परिहार | अध्यक्ष, स्टर्लिंग अर.को–ऑप. बैंक, जयपुर। | संचालक |
| 9 | श्री विद्याधर गोदारा | प्र.निदेशक, राज. स्टेट को–ऑप.बैंक लि., जयपुर | संचालक |
| 10 | श्री राम प्रसाद अग्रवाल | चार्टेड अकाउण्टेंट, जयपुर | प्रोफेशनल संचालक |
| 11 | श्री रमेश आचार्य | पूर्व अध्यक्ष, ब्यावर अरबन को–ऑप. बैंक, ब्यावर | प्रोफेशनल संचालक |
| 12 | श्री मुरलीधर पाण्डेय | अध्यक्ष, भीलवाड़ा अर. को–ऑप. बैंक लि., भीलवाड़ा | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 13 | श्री एन.एस.डाभी | प्रबन्ध निदेशक आदर्श को–ऑप. बैंक लि., सिरोही | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 14 | श्री ए. के. शाह | प्रबन्ध निदेशक, फिनग्रोथ को–ऑपरेटिव बैंक,जयपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 15 | श्री एम.एल. शर्मा | मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दि राज.अ.को–ऑप. बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर | सदस्य सचिव |

फैडरेशन के संचालक मण्डल की 5 वर्ष की अवधि दिनांक 5 नवम्बर, 2017 तक की है एवं शीघ्र चुनाव कराने के लिये फैडरेशन द्वारा सहकारी चुनाव प्राधिकरण को निवेदन किया हुआ है।

***